Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to set up a sports complex in Kandivali in Mumbai-North Parliamentary Constituency of Maharashtra.

श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर): अध्यक्षा जी, मेरे मतदार संघ उत्तर मुम्बई लोक सभा में 35 एकड़ की जमीन महाराष्ट्र सरकार ने स्पोर्ट्स अथारिटी ऑफ इंडिया को दी। इस बात को दस साल से भी ज्यादा समय हो गया। मैं विधायक था, तब से इसके लिए प्रयास कर रहा हूं। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आप बैठिए, ऐसा नहीं होता है। वे बार-बार क्या बोलेंगे, जब सीबीआई की जांच चल रही है। मैं कुछ बोल रही हूं। जब सीबीआई की जांच के आदेश दे दिए गए हैं है। सीबीआई जांच कर रही है।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आप अपनी सीट पर जाइए। इससे आपका कोई लेना-देना नहीं है?

…(व्यवधान)

श्री गोपाल शेट्टी: अध्यक्षा जी, मेरे मतदान क्षेत्र उत्तर मुंबई में महाराष्ट्र सरकार की 38 एकड़ जमीन खेल व्यवस्था के लिए आरक्षित है।

12 15 hrs

At this stage, Shri Jayadev Galla and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

… (*Interruptions*)

श्री गोपाल शेट्टी: अध्यक्षा जी, जिसमें से 35 एकड़ जमीन स्पोर्टर्स ऑथरिटी ऑफ इंडिया को दिए हुए दस वर्ष से भी ज्यादा समय हो गया है। …(व्यवधान)

HON. SPEAKER: You go to your seat. It cannot be done like this every day. I have allowed No Confidence Motion also.

… (*Interruptions*)

श्री गोपाल शेट्टी: अध्यक्षा जी, इसमें तीन एकड़ भूमि पर झोपड़पट्टी बस गई …(व्यवधान) लेकिन स्पोटर्स ऑथरिटी ऑफ इंडिया के पास पैसा होते हुए भी जमीन का विकास नहीं हो रहा है।

HON. SPEAKER: If you want to raise anything, you go to your seat and raise, not like this.

… (*Interruptions*)

श्री गोपाल शेट्टी: अध्यक्ष महोदया, भारत देश के प्रधान मंत्री जी 'खेलो इंडिया' के माध्यम से स्पोटर्स को आगे बढ़ा रहे हैं। …(व्यवधान) हमारे बच्चे देश का गौरव बढ़ा रहे हैं, लेकिन ऑफिसरों के मनमानी कारोबार की वजह से पैसा होते हुए भी 35 एकड़ की भूमि विकसित नहीं हो रही है। …(व्यवधान) उन दिनों इस भाग का प्रतिनिधित्व गजानन कीर्तिकर जी करते थे, वह भी इसका फॉलो-अप करते थे। अध्यक्षा जी, मैं बहुत खेद के साथ कहना चाहता हूं कि मुंबई एक ऐसा शहर है जिसकी आबादी सवा करोड़ से भी ज्यादा है। …(व्यवधान) भूमि और पैसा है, महाराष्ट्र सरकार ने स्पोटर्स ऑथरिटी ऑफ इंडिया को जमीन दे दी है, लेकिन स्पोटर्स ऑथरिटी ऑफ इंडिया का कहना है कि जमीन हमारे नाम करो, उसके बाद हम डेवलपमेंट का काम करेंगे। इसके बाद दस वर्ष हो गए। …(व्यवधान)

HON. SPEAKER: I will not allow this.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: When CBI inquiry is going on, you please wait.

… (*Interruptions*)

श्री गोपाल शेट्टी : अध्यक्ष महोदया, दस वर्ष में वहां झोपड़पट्टी बन गई है, वहां बच्चों को खेलने की सुविधा नहीं है। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि तुरंत इस भूमि का विकास करे। जब सर्बानद सोनेवाल जब खेल मंत्री थे …(व्यवधान) उन्होंने वहां विजिट किया, विजय गोयल जी जब खेल मंत्री बने उन्होंने भी विजिट किया। अब नए तरूण तड़कदार खेल मंत्री और भारत सरकार से निवेदन करूंगा कि उस भूमि को जल्दी से जल्दी विकसित करें। …(व्यवधान)

मेरे मतदान क्षेत्र में बाला साहेब ठाकरे जी और प्रमोद महाजन जी जिन्होंने 'द्युति' को पच्चीस साल से ज्यादा चलाया। उनके नाम से एक बंगला और पेराई की भूमि को विकसित करने का प्रयास मैं आठ सालों से कर रहा हूं।…(व्यवधान) कम्पाउंड वाल हो गया है, लेकिन उसका काम आगे नहीं बढ़ रहा है। यह मुद्दा मैं आपके माध्यम से सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूं। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष:

श्री अरविंद सावंत,

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

डॉ. कुलमणि सामल और

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री गोपाल शेट्टी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

12 17 hrs

At this stage, Shrimati Ranjeet Ranjan and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.